कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय

काठाडीह, पोस्ट ऑफिस – सुन्दर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492013

दूरभाष : 0771 2779202 ई–मेल मगंउपदंजपवदणजनरउ/हउंपस

//सेमेस्टर की परीक्षा जुलाई–दिसम्बर 2020 हेतु आवश्यक निर्देश//

01. यह परीक्षा छ.ग. राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय तथा सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के सभी सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।
02. विश्वविद्यालय की जुलाई–दिसम्बर 2020 में आयोजित होने वाली सभी सेमेस्टर की एटीकेटी तथा मुख्य परीक्षाएं दिनांक 24/05/2021 से प्रारंभ होंगी। परीक्षा का समय प्रातः 09:00 से 11.00 बजे तक रहेगा।
03. कोरोना महामारी से उत्पन्न विषम परिस्थिति के कारण प्रश्न पत्र के स्वरूप में परिवर्तन किया गया है जिसके अनुसार प्रत्येक विषय/प्रश्न–पत्र में 10 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिनमें से किन्ही 05 प्रश्नों के उत्तर (200 शब्द की सीमा में) परीक्षार्थी द्वारा दिए जाएंगे।
04. परीक्षार्थियों को अपने घर पर रहकर परीक्षा देनी होगी। प्रश्न पत्र परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पूर्व (अर्थात 08:30 बजे) ऑनलाइन, ईमेल, विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के विभागाध्यक्षों द्वारा बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से परीक्षार्थियों को भेजा जायेगा। इस हेतु विभागाध्यक्षों द्वारा संबंधित विद्यार्थियों का व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किया जायेगा।
05. परीक्षार्थी अपने उत्तर A4 साईज पेपर में लिखेंगे, जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर उन्हें पेज नंबरिंग, विभाग का नाम, कक्षा, रोल नंबर एवं विषय/प्रश्न पत्र का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। इस प्रकार परीक्षार्थियों को स्वंय घर पर उत्तर–पुस्तिका का निर्माण करना होगा।
06. विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर आवश्यक जानकारी दर्ज करने हेतु प्रारूप वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा तथा अन्य ऑनलाइन माध्यमों से भी परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा उक्त प्रारूप को डाउन लोड कर तथा उसका प्रिंट आउट निकालकर उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के रूप में संलग्न करना होगा।
07. यदि किसी परिस्थिति में परीक्षार्थी उक्त प्रारूप को डाउन लोड न कर पाए तो प्रारूप को हाथ से लिखकर भी प्रथम पृष्ठ का निर्माण किया जा सकता है।
08. परीक्षार्थी द्वारा घर में बनाई गई उपरोक्तानुसार उत्तर पुस्तिका में दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे तथा इसके पश्चात् उत्तर पुस्तिका को स्कैन कर PDF फॉरमेंट में अपने विभागाध्यक्ष/प्राचार्य को ऑनलाइन व्हाट्सएप अथवा ईमेल से प्रेषित करेंगे। ईमेल और व्हाट्सएप ग्रुप विभागाध्यक्ष द्वारा सूचित किया जाएगा।

//01//

REGISTRAR
KUSHABHAU THAKRE PATRAKARITA
AVAM JANSANCHAR UNIVERSITY
KATHADIH, RAIPUR (C.G.)

09. प्रश्न पत्र का उत्तर देने हेतु परीक्षार्थी के पास 02 घंटे का समय होगा तथा उत्तर पुस्तिका को स्कैन कर PDF फॉरमेंट में ऑनलाईन प्रेषण हेतु 01 घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

10. यदि किसी परिस्थिति में परीक्षार्थी को ऑनलाईन माध्यम से लिखित उत्तर पुस्तिका की स्कैन कर PDF फॉरमेंट में प्रेषित करने में विलम्ब हो तो उसके द्वारा संबंधित विभागाध्यक्ष को दूरभाष पर सूचित कर विलम्ब से प्रेषण हेतु पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा।

11. कोरोना के संक्रमण को देखते हुए शैक्षणिक सत्र 2020–21 की परीक्षाओं के उपरान्त होने वाले पुर्नमूल्यांकन एवं एटीकेटी के संबंध में दिये गये नियमों को शिथिलीकरण किया जाता है अतः शैक्षणिक सत्र 2020–2021 की परीक्षा में विद्यार्थियों को पुर्नमूल्यांकन एवं एटीकेटी की सुविधा प्रदान नहीं की जायेगी।

कुलसचिव

कुशाभाऊ ठाकरे

पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

उत्तर पुस्तिका

परीक्षार्थी का अनुक्रमांक | | | | | | | |

अनुक्रमांक शब्दों में .....

.....

.....

परीक्षार्थी का नामांकन ...../.....

सेमेस्टर .....

प्रश्न पत्र/विषय का नाम .....

.....

परीक्षा दिनांक — दिन | | | माह | | | वर्ष | | | |

मूल्यांकनकर्ता के उपयोग हेतु

प्रश्न क्र.	प्राप्तांक	
	अंकों में	शब्दों में
01		
02		
03		
04		
05		
06		
07		
08		
09		
10		
योग		
योग शब्दों में		

परीक्षक के हस्ताक्षर

कोड :–